FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेस नोट थाना नारखी दिनांक 19-11-2024 जनपद फिरोजाबाद।**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना नारखी व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13-11-2024 को थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर के सड़क किनारे सिर कटे मिले शव की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक किशोर सहित कुल 02 अभियुक्तों को आलाकत्ल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार।**

- **दिनांक 13-11-2024 को ग्राम शाहपुर के पास सड़क किनारे एक सिर कटा हुआ शव मिला था जिसकी पहचान अल्तमश पुत्र आमिर अली निवासी भंगी वाली गली थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद के रूप में की गयी थी।**
- **वादी के तहरीर के आधार पर थाना नारखी पर मु0अ0सं0 388/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था।**
- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा हत्या के खुलासे हेतु थाना नारखी, एसओजी ,सर्विलांस पुलिस टीम सहित संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया था।।**
- **मृतक अल्तमश अभियुक्त जीशान के स्थानीय युवती से चल रहे प्रेम प्रसंग में बन रहा था बाधक।।**
- **सुनियोजित तरीके से अभियुक्त जीशान द्वारा अपने भाई की मोटरसाइकिल से अपने साथी किशोर के साथ मिलकर सांति रोड़ स्थित ठेके पर अधिक शराब पिलाकर थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर के पास ले जाकर मृतक अल्तमश की छुरा से सिर काटकर कर दी गयी थी हत्या।।**
- **अभियुक्त जीशान कुरैशी की निशांदेही पर उसके कब्जे से आलाकत्ल छुरा व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किए गए हैं।।**
- **साथ ही अभियुक्त जीशान की निशांदेही पर मृतक की हत्या के दौरान खून में सने हुए पहने कपडे एवं चप्पल भी बरामद की गयी हैं।।**

दिनांक 13-11-2024 को थाना नारखी पुलिस को सूचना मिली कि शाहपुर के पास सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियों मय थाना नारखी, सर्विलांस टीम व फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया। सोशल मीडिया पुलिस टीम व आसपास की गयी गहन पूछताछ से मृतक की पहचान अल्तमश पुत्र आमिर अली निवासी भंगी वाली गली थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद के रूप में की गयी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना नारखी पर मु0अ0सं0 388/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में एसओजी / सर्विलांस टीम सहित कुल 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया।

गठित पुलिस टीम द्वारा दौरान दिनांक 18-11-2024 की रात्रि हत्या करने वाले अभियुक्त जीशान कुरैशी पुत्र इरफान निवासी गली नं0 16/2 कश्मीरी गेट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 20 वर्ष एवं एक किशोर को दाऊदयाल स्टेडियम के पास दौलतपुर जाने वाले रास्ते पर थाना क्षेत्र नारखी जनपद फिरोजाबाद से मय घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल सहित हिरासत में लिया गया। अभियुक्त जीशान कुरैशी उपरोक्त की निशांदेही पर अभियुक्त जीशान कुरैशी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल छुरा, घटना के समय पहने कपडे एवं चप्पल जिन पर मृतक का खून लगा है बरामद किये गये। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ विवरण..........**

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त जीशान कुरैशी पुत्र इरफान निवासी गली नं0 16/2 कश्मीरी गेट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 20 वर्ष ने द्वारा पूछताछ में बताया कि मैं स्थानीय लडकी से प्रेम करता था एवं मैं उसी लड़की साथ शादी करना चाहता था लेकिन अल्तमश पुत्र आमिर अली निवासी भंगी वाली गली थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 19 वर्ष ने एक माह पूर्व मेरी प्रेमिका के भाई से मेरी शिकायत की थी तथा अल्तमश मेरी बहिन के बारे मे उल्टी सीधी बातें करता था व इशारेबाजी करता था तथा मुझसे मेरी बहिन से अपनी शादी कराने की बात कहता था तथा जगह जगह मेरे बारे में उल्टी सीधी बातें करता था जिसके कारण जिस लडकी से मैं प्यार करता था उसके घरवालों को मेरे खिलाफ भडकाता था तथा मुझे पता था कि अगर अल्तमश ऐसा ही करता रहेगा तो मेरी शादी मेरी प्रेमिका से नहीं होंने देगा फिर मैंने सोचा क्यूँ न इसे रास्ते से हटा दिया जाये। इसी कारण मैंने अल्तमश को मारने का प्लान बनाया था। अल्तमश शराब पीने का शौकीन था तथा प्लान के तहत दिनांक 12.11.2024 को मैंने अल्तमश को शराब पीने के बहाने आशाबाद चौराहे पर बुलाया था तथा अल्तमश को शराब भी पिलाई थी लेकिन उस रात मेरा दाँव नही लग सका फिर मैंने अगले दिन दिनांक 13.11.2024 को दिन में ही प्लान तैयार कर लिया था और प्लान के तहत मैने अपने साथी किशोर (बालअपचारी) को अपने साथ लिया तथा अल्तमश को समय करीब 07 बजे शाम फोन करके बरी का नगला पर बुलाया जहाँ से मैं और मेरा साथी (किशोर) अल्तमश को अपने भाई की मो0सा0 रजि0नं0 यूपी 83 बी0ई0 3541 से साथ लेकर सैलई की पुलिया के ठेके से शराब लेकर साती रोड स्थित कैंटीन पर ले जाकर अल्तमश को शराब पिलवाई जब अल्तमश शराब के नशे मे चूर हो गया तब मैं अपने साथी किशोर (बालअपचारी) को अल्तमश के साथ कैंटीन के बाहर छोडकर अपनी मो0सा0 से घर गया तथा घर से छुरा लेकर तुरन्त वापस आया और नशे मे चूर अल्तमश को अपनी मो0सा0 पर बीच में बैठाकर उसके पीछे अपने साथी (बाल अपचारी) को बैठाकर जलेसर रोड पर लेकर आया तथा शाहपुर गाँव से आगे निकलकर एकान्त में सडक किनारे बने सफेद रंग की समाधी के पास अल्तमश को खींचकर ले जाकर उल्टा पेट के बल गिरा लिया था तथा मेरे साथी (बाल अपचारी) ने उसके हाथ पकड लिये थे और मैंने अल्तमश की गर्दन के नीचे पैर रखकर उसका गला घेंटुआ की तरफ से नीचे की साइड से छुरे से काटकर सर गर्दन से अलग कर दिया। गर्दन काटने से पहले मैंने अल्तमश की शर्ट उतार दी थी तथा उसकी एक चप्पल रास्ते में कहीं गिर गयी थी तथा अल्तमश की एक चप्पल व शर्ट को मैनें वहीं छोड दिया था। अल्तमश के सिर को मैं अलग फेंकने के लिए ले जा रहा था तब तक जलेसर की तरफ से वाहन आ गया था इसलिए रोशनी देखकर मैं अल्तमश के सिर को वहीं कुछ दुरी पर छोडकर अपने साथी के साथ वहाँ से अपनी मो0सा0 से भाग आया था। गर्दन काटते समय मेरी उल्टे पैर की चप्पल अल्तमश की गर्दन के नीचे थी जो बहुत अधिक खून मे सन गयी थी इसलिए मैंने अपनी बाँये पैर की चप्पल को अल्तमश के गर्दन के पास ही छोड दिया था तथा अपने दूसरे पैर की चप्पल में भी खून लग गया था इसलिए मैंने आगे चलकर छुरा व चप्पल को झाडियों में सडक के किनारे फेंक दिया था। जिसे पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1-जीशान कुरैशी पुत्र इरफान निवासी गली नं0 16/2 कश्मीरी गेट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

2-एक बालअपचारी।

**बरामदगीः-**

1. घटना में प्रयुक्त एक अदद मो0सा0 रजि0नं0 यूपी 83 बी0ई0 3541
2. अभियुक्त जीशान कुरैशी के घटना के समय पहने हुए कपडे ( एक अदद टी-शर्ट रंग आसमानी जिस पर कंधे पर सफेद पट्टिया लगी हुई है।
3. अभियुक्त जीशान कुरैशी की घटना के समय पहनी एक अदद जींस पेंट ( रंग स्लेटी काला मिक्स )
4. अभियुक्त जीशान कुरैशी की घटना के समय पहनी दूसरी चप्पल
5. 01 अदद चाकू/छुरा ( आलाकत्ल)

**गिरफ्तार करने वाली थाना नारखी पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 चमन कुमार शर्मा थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विकल ढाका थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 सुनील कुमार थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
5. मुख्यआरक्षी 237 रूपचन्द्र थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 1164 गुज्जन राजपूत थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

**सर्विलांस टीम प्रभारी -**

उ0नि0 श्री अमित तोमर मय टीम

**एसओजी टीम प्रभारी-**

उ0नि0 श्री दीपक तिवारी मय टीम